प्रयोगात्मक फसल उत्पादन (खरीफ)

आज दिनांक 06.07.2024 को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के अतंर्गत संचालित कृषि संकाय के तृतीय वर्ष के स्नातक छात्रों ने प्रयोगात्मक फसल उत्पादन (खरीफ) पाठ्यक्रम के अतंर्गत धान के रोपाई का शुभारम्भ किया। गोरखनाथ विश्वविद्यालय अपने कृषि विद्यार्थियों को कृषि के क्षेत्र में नित-नये आविष्कारों व नवाचारों के साथ उन्हें कृषि के वास्तविक परिदृश्य से अवगत कराता रहता है। धान की खेती के माध्यम से विद्यार्थी इस फसल के सम्पूर्ण प्रबंधन के बारे में अवगत होने के साथ-साथ किसानों को होने वाले वास्तविक समस्याओं से भी परिचित होंगें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अतुल वाजपेई ने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भविष्य में भी विद्यार्थी माटी से जुड़ते हुये कृषि क्षेत्र में अपना योगदान अनवरत जारी रखें। यह कार्यक्रम कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे एंव सहायक आचार्य डॉ. कुलदीप सिंह के देख- रेख में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर कार्यक्रम में कृषि संकाय के सहायक आचार्य डॉ. विकास कुमार यादव, डॉ. आयुष कुमार पाठक, डॉ. प्रवीण सिंह, डॉ. सास्वती प्रेम कुमारी एंव कृषि विज्ञान तृतीय वर्ष के समस्त छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरख
कृषि संकाय
प्रयोगात्मक फसल उत्पादन (खरीफ)
आरोग्य धाम, बालापार रोड, सोनबरसा, गोरखपुर -273007 (उ.प्र.)
E-mail : mgunivgkp@gmail.com
Website : www.mgu

महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर
कृषि संकाय
प्रयोगात्मक फसल उत्पादन (खरीफ)